an>

Title: Need to set up a Krishi Vigyan Kendra along river Tapi in Bardoli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा **(**बारदोली**) :** हमारा संसदीय क्षेत्र बारदोली सूरत जिले में आता है। यहाँ पर वर्षों पहले से कृषि विज्ञान केन्द्र खुला है। यह कृषि विज्ञान केन्द्र मौजूदा समय में शहर के अन्दर हो गया है जिससे किसानों को शहर में आने-जाने में परेशानी होती है। इस परेशानी का मुख्य कारण है कि शहर के अन्दर अत्यधिक ट्रैफिक हो गया है और कृषि विज्ञान केन्द्र का ज्यादा से ज्यादा उपयोग ग्रामीण किसानों के लिए होता है।

अतः मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन है कि हमारे जिले में तापी नदी के किनारे मांडवी में राज्य सरकार की जमीन उपलब्ध है, वहाँ पर किसानों के हित में देखते हुए एक कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने का विचार किया जाए।